Bharat Temples

सद्गुण वैभव शालिनी,त्रिभुवन विख्यात जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता चंद्रवदनी पद्मासिनी,धुति मंगलकारी, मैया धुति मंगलकारी Bhajans Bhakti Songs

सद्गुण वैभव शालिनी,त्रिभुवन विख्यात ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता ।चंद्रवदनी पद्मासिनी,धुति मंगलकारी, मैया धुति मंगलकारी ।
सोहे शुभ हंस सवारी अतुल तेजधारी ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता ।बाएँ कर मे विणा,दाएँ कर माला, मैया दाएँ कर माला ।
शीश मुकुट मणि सोहे,गल मोतियन माला ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता । देवी शरण जो आए,उनका उद्धार किया, मैया उनका उद्धार किया ।
पैठी मंथरा दासी,रावण संहार किया ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता । विद्या ज्ञान प्रदायिनी ज्ञान प्रकाश भरो, मैया ज्ञान प्रकाश भरो ।

मोह अज्ञान और तिमिर का जग से नाश करो ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता ।धूप-दीप फल मेवा माँ स्वीकार करो , मैया माँ स्वीकार करो ।
ज्ञानचक्षु दे माता जग निस्तार करो ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता ।माँ सरस्वती की आरती जो कोई जन गावे, मैया जो कोई जन गावे ।
हितकारी सुख कारी ज्ञान भक्ति पावे ॥
जय सरस्वती माता मैया जय सरस्वती माता ।

Source:
https://www.bharattemples.com/sadgun-vaibhav-shaalinee-tribhuvan-vikhyaata/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw